**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 13.09.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आज दूसरा और अंतिम दिन है। भारत चौथी बार ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है।
2. राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अंतर्गत मायाबंदर में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया।
3. प्रशासन की ओर से सभी सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में चौदह से अट्ठाईस सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जाएगा।
4. अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के साइक्लिंग एसोसिएशन द्वारा 25 और 26 सितंबर को स्टेट ओपन ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप–सह–चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगौ।

<><><><><><><>

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आज दूसरा और अंतिम दिन है। भारत चौथी बार ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का शुभारंभ कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में हुआ था। शिखर सम्मेलन के पहले ही दिन ब्रिक्स देशों ने नई दिल्ली घोषणा–पत्र 2026 अपना लिया। ब्रिक्स देशों ने अंतर्राष्ट्रीय विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए संवाद, परामर्श और कूटनीति प्रयास जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई है । संगठन के नेताओं ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर भी चिंता व्यक्त की और अधिकतम संयम बरतने तथा स्थिति और बिगड़ने वाली किसी भी कार्रवाई से बचने का आह्वान किया। ब्रिक्स नेताओं ने पिछले वर्ष 22 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और आतंकवाद के सभी रूपों तथा अभिव्यक्तियों का मुकाबला करने की प्रतिबद्धता दोहराई। आज ब्रिक्स सदस्य और साझेदार देश "लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता समावेशी वैश्विक विकास के लिए भविष्य का निर्माण" विषय पर आयोजित सत्र में भाग लेंगे। ब्रिक्स के दस साझेदार देश बेलारूस, बोलीविया, कजाकिस्तान, क्यूबा, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, युगांडा, उज्बेकिस्तान और वियतनाम हैं। आज के सत्र के समापन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कजाकिस्तान, फिलीपींस,

मिस्र, दक्षिण अफ्रीका और बुरुंडी के राष्ट्रपतियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। नाइजीरिया और युगांडा के उपराष्ट्रपतियों के साथ भी उनकी बैठक होगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस 2026 के आयोजन के अंतर्गत मध्योत्तर अंडमान उपायुक्त कार्यालय मायाबंदर में वृक्षारोपण – औषधीय पौधे लगाने के अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर व मध्य अंडमान के उपायुक्त सुशांत पाधा तथा अपर जिला मजिस्ट्रेट एस. कृष्णा चैतन्य ने औषधीय पौधे लगाए। इस कार्यक्रम का संचालन GDMO (आयुर्वेद) और चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रियंका इकबाल तथा ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. एम. सुधी और मायाबंदर के डॉ. आर.पी. अस्पताल की टीम के सहयोग से किया गया। इस पहल का उद्देश्य आयुर्वेदिक औषधीय पौधों, उनके पारंपरिक उपयोग एवं स्वास्थ्य लाभों के संबंध में जागरूकता बढाने के साथ–साथ उनके संरक्षण और खेती के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम में आयुर्वेद के माध्यम से स्वास्थ्य एवं कल्याण को  बढ़ावा देने में औषधीय पौधों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन की ओर से सभी सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में चौदह से अट्ठाईस सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जाएगा। प्रशासन और केंद्र सरकार के कार्यालयों के अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के बीच राजभाषा हिंदी का व्यापक प्रचार–प्रसार करने के उद्देश्य से कई विशेष कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। पूरे पखवाड़े के दौरान राष्ट्रीय नेताओं के राजभाषा संबंधी विचार प्रकाशित किए जाएंगे। इस दौरान स्कूल और कॉलेज विद्यार्थियों के लिए निबंध, भाषण और स्व–रचित कविता पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए हिन्दी टंकण, टिप्पण, आलेखन जैसे प्रतियोगिताएं और कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह 30 सितंबर को आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

<><><><><><><>

हिन्दी साहित्य कला परिषद की ओर से आयोजित हिन्दी सप्ताह के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सोलह सितम्बर को शाम छः बजे परिषद के परिसर में आयोजित होगा।

<><><><><><><>

विश्‍व पर्यटन दिवस के अवसर पर 27 सितम्बर को 'पर्यटन को नया रूप देने में डिजिटल तकनीक और AI की भूमिका' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर चाथम सॉ मिल, समुद्रिका संग्रहालय, मानव विज्ञान संग्रहालय, मत्स्य संग्रहालय और सेल्यूलर जेल संग्रहालय पर्यटकों और आम लोगों के लिए खुले रहेंगे। इन सभी स्थानों पर प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

<><><><><><><>

साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह द्वारा 25 और 26 सितंबर को श्री विजयपुरम में स्टेट ओपन ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप–सह–चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। इस चयन ट्रायल के माध्यम से 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक रांची में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप के लिए द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व करने वाले साइकलिस्टों का चयन किया जाएगा। इच्छुक साइकलिस्ट NSRS पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराने के साथ निर्धारित गूगल फॉर्म के माध्यम से अपनी प्रविष्टियां जमा करा सकते है। अधिक जानकारी के लिए साइक्लिंग एसोसिएशन के सचिव से संपर्क किया जा सकता हैं।

<><><><><><><>

उप शिक्षा कार्यालय, दक्षिण अंडमान की ओर से 15 से 22 सितंबर तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बालिका विद्यालय के सभागार में अंतर–विद्यालय शतरंज, योग और टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ी भाग

लेंगे। इसमें दक्षिण अंडमान के उप शिक्षा कार्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राएं भाग ले सकते हैं।

<><><><><><><><><>

ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान एवं शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना 2.0 के तहत पात्र ग्रामीण युवाओं को मुफ्त, आवासीय और रोजगार–उन्मुख कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में नामांकित करने के लिए अभियान शुरू किया गया है। यह पाठ्यक्रम युवाओं को व्यावहारिक, उद्योग–प्रासंगिक कौशल प्रदान करने और उभरते तथा सेवा–क्षेत्र के व्यवसायों में टिकाऊ रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से चुने गए हैं। इसके अंतर्गत विभिन्न ट्रेडों में अट्ठारह से पैंतीस वर्षीय पुरूष और अट्ठारह से पैंतालीस वर्षीय महिला उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। यह प्रशिक्षण पूरी तरह से निःशुल्क है। प्रशिक्षण के सफल समापन पर योजना के प्रावधानों के अनुसार सौ प्रतिशत प्लेसमेंट सहायता प्रदान की जाएगी।

<><><><><><><><><>

यू टी कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण के तहत अनुबंध के आधार पर ब्लॉक प्रौद्योगिकी प्रबंधक के पद के लिए पात्र उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी गई है। चयनित उम्मीदवारों का साक्षात्कार अट्ठारह सितंबर को सुबह दस बजे सहायक निदेशक कृषि कार्यालय, मायाबंदर में लिया जाएगा। विभाग ने उम्मीदवारों से साक्षात्कार में निर्धारित समय पर उपस्थित होने को कहा है।

<><><><><><><><><>